
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# प्रेस विज्ञप्ति

## 29.07.2026 – अखिल भारतीय




### भारतीय जीवन बीमा निगम ने भारत सरकार को लाभांश का चेक प्रदान किया

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. दुरैस्वामि ने आज भारत सरकार के केंद्रीय वित्त एवं कार्पोरेट मामलों की माननीय मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को ₹12,207.25 करोड़ का लाभांश चेक प्रदान किया। यह राशि भारत सरकार के लाभांश के हिस्से के रूप में दी गई है, जिसे 27 जुलाई, 2026 को आयोजित वार्षिक आम बैठक (AGM) में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया गया।

इस अवसर पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएँ विभाग के सचिव श्री संजय लोहिया तथा भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक श्री रत्नाकर पटनायक, प्रबंध निदेशक श्री आर. चंदर तथा उत्तरी क्षेत्र के प्रभारी क्षेत्रीय प्रबंधक श्री एन.एस. राघव भी उपस्थित थे।

भारतीय जीवन बीमा निगम अपनी स्थापना के 70 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर रहा है और 31 मार्च, 2026 तक निगम की कुल परिसंपत्ती ₹59.03 लाख करोड़ हैं। भारतीय जीवन बीमा बाजार में एलआईसी अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है।

**मुंबई, दिनांक : 29 जुलाई, 2026**

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :**
कार्यकारी निदेशक (निगमित सम्प्रेषण), भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई
ई-मेल : ed_cc@licindia.com हमारी वेबसाइट पर विजिट करें : www.licindia.in

हमें विश्वास है कि इस प्रेस विज्ञप्ति में निहित समाचार आपके पाठकों के लिए उपयोगी एवं महत्त्वपूर्ण है। यदि आप इसे यथाशीघ्र प्रकाशित करें तो हमें प्रसन्नता होगी। तथापि, इसके प्रकाशन का अंतिम निर्णय पूर्णतः आपके विवेक पर निर्भर है।